an>

Title: Need to expedite construction of the proposed new National Highway from Delhi to Jaipur.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर)ः मैं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि जयपुर और दिल्ली के बीच में प्रस्तावित समानान्तर राष्ट्रीय राजमार्ग को तेजी से विकसित किया जाए और इसके निर्माण में भी आने वाली कठिनाईयों को तत्परता से सुलझाया जाए। इस सामानान्तर राष्ट्रीय राजमार्ग से ना केवल जन बल्कि माल परिवहन की सुविधा में तेजी आयेगी जो कि जयपुर को दिल्ली का प्रतिरूप शहर (काउन्टर मैग्नेट सिटी) बनाने में सहायक सिद्ध होगा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पर अतिरिक्त भार को कम करने हेतु जयपुर को प्रतिरूप शहर के रूप में विकसित करना आवश्यक है। जिससे पर्यटन, जैम स्टोन, हैण्डीक्राफ्ट, गारमेंट आदि उद्योगों को तीव्र परिवहन की सुविधा मिलेगी और रोजगार का नवसृजन तथा नव उद्योगों का विकास होगा।